कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक 02.07.2021

थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त सैफ अली गिरफ्तार

थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे मुखबिर की सूचना पर नवापुरा चुंगी से अभियुक्त सैफ अली पुत्र स्व0 असलम निवासी बड़ीबाग ,काशीराम आवास ,थाना-कोतवाली, गाजीपुर को समय 02.30 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक अदद मोबाइल बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना जैतपुरा में मु0अ0सं0 130/21 धारा 41/411 भादवि पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 01.07.21 को ट्रेन से एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी किया था और आज बेचने हेतु लेकर जा रहा था तभी आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सैफ अली पुत्र स्व0 असलम निवासी बड़ीबाग ,काशीराम आवास ,थाना- कोतवाली, गाजीपुर उम्र 21 वर्ष ।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद मोबाइल एंड्राइड ओपो ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ.नि. राहुल रंजन थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे.का. राजेन्द्र प्रसाद यादव थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का. अजय प्रताप सिंह थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का. अभिषेक सरोज थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी